AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!

27 Oct 2022 को जारी विज्ञापन

**80 प्रश्न पेपर पैटर्न**

पर आधारित **प्रैक्टिस सेट्स**

# SSC
# कांस्टेबल (GD)

**(CRPF, BSF, SSB, CISF, ITBP, SSF, NCB Sepoy, ASSAM RIFLES)**
**(पुरुष/महिला)**

## भर्ती परीक्षा 2023

**Best Practice sets!**

100% सटीक रूप से तैयार किए गए अभ्यास सेट

इन प्रैक्टिस सेट्स को लगाने से 90% तक आप परीक्षा की तैयारी का सटीक आकलन कर पाएँगे।

विगत वर्षों के 12 पेपर्स के विश्लेषण चार्ट का समावेश

सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति | सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी | प्रारंभिक अंकगणित | हिन्दी | English



## 20 सॉल्व्ड प्रैक्टिस सैट्स

**एवं 12 सॉल्व्ड पेपर्स**
(Dec 2021, 2019, 2015, 2013)


| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1130 | ₹ 299 | 306 | 978-93-5561-185-7 |

# विषय-सूची

पृष्ठ संख्या

## Exam Information, Preparation Strategy and Current Affairs


- **Agrawal Examcart Help Centre** v
- **Student's Corner** vi
- **SSC Constable (GD) Syllabus & Exam Pattern** vii
- **SSC GD के पिछले वर्षों के हल प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट** viii


## प्रैक्टिस सेट्स 1-180


- प्रैक्टिस सेट - 1 **1-9**
- प्रैक्टिस सेट - 2 **10-19**
- प्रैक्टिस सेट - 3 **20-28**
- प्रैक्टिस सेट - 4 **29-37**
- प्रैक्टिस सेट - 5 **38-46**
- प्रैक्टिस सेट - 6 **47-55**
- प्रैक्टिस सेट - 7 **56-64**
- प्रैक्टिस सेट - 8 **65-73**
- प्रैक्टिस सेट - 9 **74-82**
- प्रैक्टिस सेट - 10 **83-90**
- प्रैक्टिस सेट - 11 **91-99**
- प्रैक्टिस सेट - 12 **100-108**
- प्रैक्टिस सेट - 13 **109-117**
- प्रैक्टिस सेट - 14 **118-126**
- प्रैक्टिस सेट - 15 **127-135**
- प्रैक्टिस सेट - 16 **136-144**
- प्रैक्टिस सेट - 17 **145-153**
- प्रैक्टिस सेट - 18 **154-162**
- प्रैक्टिस सेट - 19 **163-171**
- प्रैक्टिस सेट - 20 **172-180**


## सॉल्व्ड पेपर्स 1-126


- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-15.12.2021 (तृतीय पाली) **1-11**
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-06.12.2021 (प्रथम पाली) **12-23**
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-01.12.2021 (तृतीय पाली) **24-34**
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-30.11.2021 (तृतीय पाली) **35-46**
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-16.11.2021 (द्वितीय पाली) **47-59**

## सॉल्व्ड पेपर्स


- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-06.03.2019 (तृतीय पाली) 60-69
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-05.03.2019 (प्रथम पाली) 70-78
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-03.03.2019 (द्वितीय पाली) 79-88
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-02.03.2019 (तृतीय पाली) 89-98
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-01.03.2019 (तृतीय पाली) 99-109
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-04.10.2015 (प्रथम पाली) 110-118
- SSC कांस्टेबल (GD) (हल प्रश्न-पत्र) भर्ती परीक्षा-12.05.2013 (प्रथम पाली) 119-126



# प्रैक्टिस सेट-1

## सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**1.** निम्न प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए।

बस : सड़क : : रेलगाड़ी : ?

(A) जंक्शन (B) पटरी
(C) पगडण्डी (D) इन्जन

**2.** निम्न प्रश्न में उस विकल्प को चुनिए जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है।

(A) 36, 17 (B) 48, 21
(C) 56, 25 (D) 68, 31

**3.** निम्न प्रश्ना में दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करेगा।

4, ?, 144, 400, 900, 1764

(A) 25 (B) 36
(C) 49 (D) 100

**4.** दी गई अक्षर–श्रृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौन–सा अक्षर–समूह उसे पूरा करेगा ?

__zy__zxy__yxzx__zyx__xy

(A) yxzyz (B) zxyzy
(C) yzxyx (D) xyzzy

**5.** यदि A का अर्थ है ÷, B का अर्थ है ×, C का अर्थ है –, और D का अर्थ है +, तो निम्नलिखित का मान क्या होगा ?

24 A 12 B 4 D 6 C 7

(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 10


**6.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 6 | 4 |
| ? | 2 | 8 |
| 5 | 9 | 3 |
| 35 | 108 | 96 |


(A) 9 (B) 7
(C) 5 (D) 3

**7.** शृंखला की अगली आकृति ज्ञात कीजिए।

**प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(A) (B) (C) (D)

**8.** इस प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके बाद चार वैकल्पिक निष्कर्ष। सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए


**कथन :**


विद्यार्थियों की वास्तविक योग्यता मापने के लिए वर्तमान परीक्षा प्रणाली में प्रबल परिवर्तन की आवश्यकता है

**निष्कर्ष :**

(A) परीक्षाएँ समाप्त कर देनी चाहिए
(B) वर्तमान शिक्षा प्रणाली द्वारा विद्यार्थियों की वास्तविक योग्यता नहीं मापी जाती है
(C) यदि परीक्षा प्रणाली में प्रबल परिवर्तन कर दिए जाएँ तो विद्यार्थियों की वास्तविक योग्यता बढ़ाई जा सकती है
(D) विद्यार्थियों की वास्तविक योग्यता का मापन आवश्यक नहीं है


**9.** वह आरेख पहचानिए, जो वाहनों, ट्रक और कार के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है

(A)  (B) 


(C)  (D) 

**10.** उत्तर आकृतियों में से कौन–सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी, जबकि दर्पण AB रेखा पर रखा हो ?

**प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**



(A) (B) (C) (D)

**11.** कितनी रेखाएँ संख्याएँ है?




(A) 12 (B) 20
(C) 21 (D) 9


**12.** एक विशिष्ट कोड भाषा में, ‘GRIPS" को ‘71891619" लिखा जाता है, ‘FRAME" को ‘6181135" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में ‘JEANS" का कोड क्या है?



(A) 10411491 (B) 10511419
(B) 15114901 (D) 15011491



**13.** छः लड़कियाँ F, G, H, J, K तथा L एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठी हुई है (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हों)। L तथा K छोरों पर बैठी हुई है। F तथा K के मध्य केवल G है। J, H के तुरन्त बायीं ओर है। G, F के तुरन्त दायीं ओर है। बायें छोर से F का स्थान क्या है?

(A) चौथा (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) पाँचवां


**14.** कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?







(A)  (B) 

(C)  (D) 


**15.** नीचे दी गई आकृतियों में दिखाए गए चित्रानुसार एक कागज को मोड़ा और काटा जाता है। यह कागज खोलने पर कैसे दिखाई देगा?






(A)  (B) 

(C)  (D) 

16. उस विकल्प का चयन करें जिसमें नीचे दी गई आकृति अंतर्निहित है।



(A)  (B) 

(C)  (D) 

17. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं

I. Creditor II. Creature
III. Credible IV. Creditable
V. Credentials


(A) III, V, I, IV, II (B) II, V, III, IV, I
(C) II, V, I, III, IV (D) II, V, IV, III, I

18. उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए तार्किक और सार्थक क्रम को दर्शाता है

I. एमोनियाकरण
II. विनाइट्रीकरण
III. नाइट्रोजन स्थिरीकरण
IV. स्वांगीकरण
V. नाइट्रीकरण

(A) III, V, I, IV, II (B) V, III, I, IV, II
(C) V, III, IV, I, II (D) III, V, IV, I, II

19. एक ऐसे पासे की दो अलग-अलग स्थितियां दर्शाई गई है जिसके सभी पृष्ठों पर 4, 5, 6, 7, 8 और 9 में से एक-एक संख्या अंकित है। उस संख्या का चयन करें जो संख्या '9' दर्शाने वाले फलक के विपरीत फलक पर होगी




(A) 4 (B) 7
(C) 8 (D) 6

20. एक निश्चित कूट भाषा में, 'DICTIONARY' को '20' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MOBILITY' को '16' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'TERMINATION' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) 20 (B) 24
(C) 18 (D) 22

## सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

21. अपक्षपात वक्र क्या दर्शाता है ?
(A) आय तथा पूँजी का स्तर
(B) दो वस्तुओं से प्राप्त संतुष्टि
(C) दो व्यापारों से प्राप्त आय
(D) व्यय तथा बचत का संबंध

22. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| 1. आजिंक्य रहाणे | a. हॉकी |
| 2. अपूर्वी चंदेल | b. क्रिकेट |
| 3. रितु रानी | c. निशानेबाजी |

(A) 1-c, 2-b, 3-a (B) 1-b, 2-c, 3-a
(C) 1-a, 2-b, 3-c (D) 1-a, 2-c, 3-b

23. सरदार वल्लभ भाई पटेल ......... के अग्रणी थे।
(A) भूदान आन्दोलन
(B) रॉलेट सत्याग्रह
(C) बारडोली सत्याग्रह
(D) स्वदेशी आन्दोलन

24. किस प्रकार के वन मुख्यतः शैवालों तथा काई से बने होते हैं ?
(A) टैगा वन
(B) टुन्ड्रा वन
(C) समशीतोष्ण वन
(D) उष्णकटिबंधीय सदाबहार

25. निम्नलिखित में से किसका दैनिक तापमान में अंतर सर्वाधिक होता है ?
(A) मरुस्थल (B) पर्वत
(C) पठार (D) महासागर

26. निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी के कारण रतौंधी होती है ?
(A) विटामिन बी (B) विटामिन सी
(C) विटामिन के (D) विटामिन ए

27. मानव हृदय का दाहिना भाग ......... रक्त प्राप्त करता है।
(A) शुद्ध (B) अशुद्ध
(C) मिश्रित (D) इनमें से कोई नहीं

28. द्रवचालित लिफ्ट किस सिद्धांत पर कार्य करती है?
(A) न्यूटन के सिद्धांत
(B) पास्कल के सिद्धांत
(C) आर्किमिडिज के सिद्धांत
(D) जूल के सिद्धांत

29. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत दर्रा भारत के उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है ?
(A) कोंगका दर्रा (B) लिपुलेख दर्रा
(C) खारदोंग दर्रा (D) लनक दर्रा

30. ठोस अवस्था से सीधे गैसीय अवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?
(A) वाष्पीकरण (B) संघनन
(C) उत्सादन (D) आसवन

31. काँसा (ब्रान्ज) मिश्र धातु का मुख्य घटक कौन-से हैं?
(A) ताँबा तथा जस्ता
(B) ताँबा तथा राँगा
(C) जस्ता तथा निकेल
(D) एल्युमिनियम तथा निकिल

32. यदि वस्तु का एक ही विक्रेता हो, वस्तु का कोई स्थानापन्न नहीं हो तथा उद्योग में अन्य फर्मों का प्रवेश वर्जित हो तो वस्तु बाजार की संरचना .. .......... कहलाती है।
(A) पूर्ण प्रतिस्पर्धा
(B) एकाधिकार
(C) अल्पाधिकार
(D) एकाधिकार प्रतिस्पर्धा

33. सापेक्षता का सिद्धांत किसने विकसित किया था?
(A) आइजैक न्यूटन (B) चार्ल्स डार्विन
(C) मैरी क्यूरी (D) अल्बर्ट आइंस्टीन

34. 'क्वीन्सबरी नियम' एक नियमसंग्रह है जो निम्नलिखित में से किस खेल पर सीधा प्रभाव डालता है ?
(A) टेनिस (B) मुक्केबाजी
(C) पोलो (D) बिलियर्ड

35. निम्नलिखित में से कौन एक विशिष्ट चित्रकार है?
(A) उदय शंकर (B) सोनल मानसिंह
(C) अमृता शेरगिल (D) यामिनी कृष्णमूर्ति

36. अल्पकालीन औसत लागत वक्र ............. आकार के होते हैं।
(A) U (B) V
(C) X (D) W

37. ''हेमा मालिनी : बिऑन्ड द ड्रीम गर्ल'' किस लेखक/ लेखिका द्वारा लिखी गई है ?
(A) मीना अय्यर
(B) हेमा मालिनी
(C) राम कमल मुखर्जी
(D) विजय कुमार

38. निम्नलिखित में से किस स्थान पर हड़प्पा संस्कृति की अग्नि वेदियाँ पाई गई थीं?
(A) पदरी (B) लोथल
(C) भगतराव (D) मांडा

39. मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय ने किस वर्ष में बंगाल, बिहार और ओडिशा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी को अनुदान स्वरूप देने का फरमान जारी किया था?
(A) 1740 (B) 1765
(C) 1732 (D) 1756

40. कोई व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति के पद पर कितनी बार चुना जा सकता है ?
(A) एक बार (B) दो बार
(C) तीन बार (D) कोई सीमा नहीं

## प्रारम्भिक अंकगणित

41. दो संख्याओं का योग 36 है तथा उनके म.स.प. तथा ल.स.प. क्रमशः 3 और 105 हैं। उन दो संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग होगा–
(A) 13 (B) $\frac{9}{11}$
(C) $\frac{7}{35}$ (D) $\frac{4}{35}$

42. एक विक्रेता ₹ 225 की कलाई घड़ी खरीदता है और उसकी मरम्मत पर ₹ 15 खर्च करता है यदि वह उसे ₹ 300 में बेचता है, तो उसे कितने प्रतिशत लाभ होगा ?
(A) 15% (B) 20%
(C) 25% (D) 30%

43. एक वस्तु का विक्रय मूल्य ₹ 750 है और क्रय मूल्य इसके विक्रय मूल्य का 4/3 गुना है, तो % हानि है–
(A) 10% (B) 15%
(C) 22% (D) 25%

44. यदि A का 90% = B का 30%, तो B : A है–
(A) 3 : 1 (B) 6 : 1
(C) 8 : 1 (D) 9 : 1

45. एक परीक्षा में, 80% छात्र अंग्रेजी में उत्तीर्ण हुए, 85% छात्र गणित में उत्तीर्न हुए और 75% अंग्रेजी तथा गणित दोनों में। यदि 40 छात्र दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण रहे, तो छात्रों की कुल संख्या है–
(A) 400 (B) 200
(C) 600 (D) 800

46. A, B, C एक काम को क्रमशः 10 दिन, 12 दिन और 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। A और B मिलकर काम शुरू करते हैं और 4 दिन बाद छोड़ देते हैं। शेष काम पूरा करने में C को कितने दिन लगे ?
(A) 5 दिन (B) 3 दिन
(C) 4 दिन (D) 6 दिन

47. दो वर्गों की भुजाएँ क्रमशः 12 मीटर और 5 मीटर हैं। जिस वर्ग का क्षेत्रफल इन दोनों वर्गों के क्षेत्रफलों के योगफल के बराबर है, उसकी भुजा है–
(A) 10 मीटर (B) 11 मीटर
(C) 12 मीटर (D) 13 मीटर

48. यदि किसी वृत्त की परिधि उसके व्यास से 16.8 सेमी अधिक हो, तो उस वृत्त की लगभग परिधि है–($\pi$ = 3.143)
(A) 24.46 सेमी (B) 24.64 सेमी
(C) 26.44 सेमी (D) 26.24 सेमी

49. कौन–सी राशि चक्रवृद्धि ब्याज द्वारा एक वर्ष के अंत में ₹ 650 और दो वर्ष के अंत में ₹ 676 हो जाएगी ?
(A) ₹ 600 (B) ₹ 620
(C) ₹ 625 (D) ₹ 630

50. 30 किमी की दूरी चलने में अभय को समीर से 2 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अभय अपनी चाल दुगुनी कर दे, तो उसे समीर से 1 घंटा कम लगेगा। अभय की चाल (किमी/घं. में) है–
(A) 5 (B) 6
(C) 6.25 (D) 7.5

51. $\sqrt{0.25\times2.25}$ का सरलीकृत मान है–
(A) 0.075 (B) 0.705
(C) 0.750 (D) 7.500

52. 45 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, 25 लड़कों का औसत भार 38 किग्रा है और 20 लड़कियों का औसत भार 32 किग्रा है। तद्नुसार कक्षा के सभी विद्यार्थियों का औसत भार कितना है ?
(A) 33 किग्रा (B) 34.25 किग्रा
(C) 35.33 किग्रा (D) 36.43 किग्रा

53. 5वीं से 10वीं तक की कक्षाओं के छात्रों की औसत संख्या 50 है, जबकि उनमें 5वीं से 9वीं कक्षाओं के छात्रों की संख्या का औसत 54 है। तद्नुसार 10वीं कक्षा के छात्रों की संख्या कितनी है ?
(A) 20 (B) 30
(C) 45 (D) 50

54. एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 8 : 5 है। तद्नुसार यदि उस आयत का परिमाप 260 मी. हो, तो आयत की लम्बाई कितनी है ?
(A) 104 मी (B) 96 मी
(C) 72 मी (D) 80 मी

55. यदि 200 पृष्ठों की एक पुस्तक की 1000 प्रतियों के लिए 50 रीम कागज की जरूरत हो, तो 250 पृष्ठों की पुस्तक की 2000 प्रतियाँ मुद्रित करने के लिए कितने रीम कागज की जरूरत पड़ेगी ?
(A) 20 (B) 125
(C) 250 (D) 1250

56. $\left(\frac{2}{3}\div\frac{3}{2}\text{ का }\frac{2}{3}\right)$ का $\frac{9}{15}\div\left(\frac{5}{4}\div\frac{5}{2}\times\frac{4}{5}\right.$ का का $\left.\frac{2}{5}\right)$ का $\left(\frac{3}{4}\times\frac{3}{4}\div\frac{4}{3}\text{ का }\frac{3}{4}\right)$ का मान है :
(A) $\frac{4}{25}$ (B) $\frac{18}{125}$
(C) $\frac{40}{9}$ (D) $\frac{20}{9}$

57. A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 8 : 9 है। 9 वर्षों के बाद, यह अनुपात 19 : 21 हो जाएगा C, B से 3 वर्ष छोटा है। C की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है ?
(A) 51 (B) 52
(C) 49 (D) 48

58. A, B और C की क्षमता का अनुपात 5 : 3 : 8 है। वे एक कार्य को साथ मिलकर 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A और B ने मिलकर 20 दिनों तक काम किया। बाकी बचे कार्य को C अकेले कितने दिनों में पूरा करेगा?
(A) 32 दिन (B) 30 दिन
(C) 40 दिन (D) 36 दिन

59. यदि $a:b=2:5, c:b=3:4$ है, तो $a:b:c$ बराबर है–
(A) 8 : 20 :15 (B) 2 : 5 : 3
(C) 6 : 15 :20 (D) 2 : 5 : 4

60. ₹ 8,100 की राशि पर $1\frac{1}{4}$ वर्षों के लिए 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगी, जबकि ब्याज प्रति 5-माह पर संयोजित है? (₹ 1 से निकटतम)
(A) ₹ 837 (B) ₹ 842
(C) ₹ 873 (D) ₹ 824

## हिन्दी

61. वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है–
(A) अट्टालिका (B) अटालिका
(C) अट्टालीका (D) अड्डालिका

**निर्देश (प्रश्न संख्या 62 एवं 63 के लिए)**
निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरने के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से उचित विकल्प चुनिए।

62. वर्तमान .............. में भी महात्मा गाँधी के विचारों का महत्व है
(A) व्यवस्था (B) सन्दर्भ
(C) घटनाओं (D) परम्परा

63. हमारा देश धीरे–धीरे आत्मनिर्भरता के ....... की ओर बढ़ रहा है।
(A) उद्देश्य (B) मकसद
(C) लक्ष्य (D) गन्तव्य

64. 'हिरण्यगर्भ' का पर्यायवाची शब्द है–
(A) विष्णु (B) ब्रह्मा
(C) महेश (D) गणेश

65. 'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।
(A) पंकिल (B) नीरज
(C) नीरद (D) निर्मल

66. निम्न में से कौन–सा शब्द 'झूठ' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?

(A) मिथ्या (B) वचन
(C) मृषा (D) असत्य

67. 'अतिवृष्टि' शब्द का सही विलोम है–

(A) शुष्क (B) बहुवृष्टि
(C) बंजर (D) अनावृष्टि

**निर्देश (प्रश्न संख्या 68 एवं 69 के लिए)**

निम्नलिखित वाक्यांशों को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द चुनिए

68. जिसकी आशा न की गई हो–

(A) प्रतिआशा (B) अप्रत्याशित
(C) आशातीत (D) अप्रतिआशा

69. आदि से अन्त तक–

(A) आद्योपान्त (B) आदि
(C) दिगन्त (D) अन्ति

70. 'सबै दिन होत न एक समाना' लोकोक्ति का अर्थ है–

(A) समय परिवर्तनशील है
(B) समय अपरिवर्तनशील है
(C) समय बेकार है
(D) समय पर न पहुँचना श्रेयस्कर है

71. 'कागजी घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का अर्थ होगा–

(A) नकली घोड़े दौड़ाना
(B) बहुत परिश्रम करना
(C) व्यर्थ की लिखा-पढ़ी करना
(D) जाँच पड़ताल करना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 72 से 74 तक)**

शुद्ध वाक्य का चयन करें–

72. (A) वह एक महिला विद्वान थी।
(B) वह एक विदुषी महिला थी।
(C) एक विदुषी महिला थी वह।
(D) वह एक विद्वान महिला थी।

73. (A) माँ को अपने पुत्र में ममता होती है।
(B) माँ को अपने पुत्र पर ममता होती है।
(C) माँ को अपने पुत्र से ममता होती है।
(D) माँ को अपने पुत्र की ममता होती है।

74. (A) गीतों की पुस्तक एक ला दीजिए।
(B) गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।
(C) एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।
(D) एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 75 से 79 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के रिक्त स्थानों की पूर्ति गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के अनुसार कीजिये–

महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता का संकेत देने वाली जो बयानबाजी पिछले एक–दो दिनों में कई दिशाओं में हुई है, वह बेहद ......(1) है। गनीमत है कि नेताओं को बात जल्दी समझ में आ गई और उन्होंने समय से अपने जुबानी घोड़ों की लगाम खींच ली। कोरोना से लड़ाई पूरे देश में चल रही है लेकिन महाराष्ट्र इसका सबसे महत्वपूर्ण मोर्चा है

पूरे देश के कुल संक्रमितों का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा यहीं है और औद्योगिक रूप से यह देश का सबसे अग्रणी राज्य भी है। जाहिर है, कोरोना वायरस को निर्णायक रूप से ........(2) देने की बात हो या अर्थव्यवस्था को लॉकडाउन से आई मंदी के ........(3) से निकालने की, कांटा आखिरी तौर पर वहीं जाकर ठहरता है। महाराष्ट्र उभरेगा तभी राष्ट्र के उभरने की संभावना बनेगी। राहत की बात कोई है, तो वो यही कि महाराष्ट्र की सरकारी मशीनरी अपने काम की अहमियत को समझते हुए पूरी शिद्दत से यह लड़ाई लड़ रही है। अपनी पार्टी शिवसेना के पारंपरिक मुहावरों और कार्यशैली को एक तरफ रखकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस संकट के दौरान अपने राज्य में फंसे प्रवासी मजदूरों में भरोसा पैदा करने के .....(4) प्रयास किए हैं।

संसाधनों की सीमाओं के बावजूद कोरोना से लड़ाई में स्थितियां बेहतर हुई हैं। पिछले दो महीने की मशक्कत के बल पर संक्रमण के मामले दोगुने होने की अवधि को तीन दिन से बढ़ाकर 14 दिन पर ला दिया गया है। राज्य में कोरोना से मृत्यु दर अप्रैल में 7.6 फीसदी थी जो अब 3.25 फीसदी रह गई है। तात्पर्य यह नहीं कि प्रदेश में कोरोना की चुनौती कमजोर पड़ गई है या राज्य मुसीबत से बाहर आ चुका है। ऐसी संभावना अभी दूर की बात है। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि सरकार और सरकारी तंत्र पूरी ......(5) से जूझ रहे हैं और एक–एक इंच सही करके ही, आगे बढ़ रहे हैं

75. गद्यांश के संकेतित रिक्त स्थान में (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(A) चिंताजनक (B) निराशाजनक
(C) सोचनीय (D) खौफनाक

76. गद्यांश के संकेतित रिक्त स्थान में (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(A) हरा (B) शिकस्त
(C) परास्त (D) विजय

77. गद्यांश के संकेतित रिक्त स्थान में (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(A) प्रभाव (B) दुष्चक्र
(C) कुप्रभाव (D) B और C

78. गद्यांश के संकेतित रिक्त स्थान में (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(A) सामुहिक (B) मिलकर
(C) व्यक्तिगत (D) मिल–कर

79. गद्यांश के संकेतित रिक्त स्थान में (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(A) तरह (B) तरफ
(C) तरीके (D) ताकत

80. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें

<u>मेरी गाय को छूने का उत्साह</u> कभी कोई नहीं कर सकता, क्योंकि वह मारती है

(A) मेरी गाय को छूने का हिम्मत
(B) मेरी गाय को छूने का साहस
(C) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(D) मेरी गाय को छूने की मेहनत

## English

61. Identify the segment in the sentence which contains the grammatical error.

Sakshi discussed about the problem with her manager very briefly.

(A) with her manager
(B) about the problem
(C) Sakshi discussed
(D) very briefly

62. Select the most appropriate option to fill in the blank and make a grammatically correct sentence.

Tourism has been _____ in India for a long time.

(A) postponed (B) declined
(C) decayed (D) neglected

63. Select the most appropriate antonym of the word :

Slander

(A) Appeal (B) Malign
(C) Admire (D) Defame

64. Select the most appropriate synonym of the given word

Mock

(A) Cheer (B) Taunt
(C) Praise (D) Amuse

65. Select the correctly spelt word.

(A) Rupangence (B) Repugnance
(C) Repungance (D) Repungence

66. Select the most appropriate word for the given group of words.

A set of 52 playing cards

(A) Bundle (B) Parcel
(C) Pack (D) Packet

67. Select the most appropriate meaning of the given idiom

Shot in the dark

(A) To shoot someone at night
(B) To guess something
(C) To be unaware
(D) To lie about something

**68.** Identify the segment in the sentence which contains the grammatical error.

Rakesh was studied when his friends called him.

(A) studied when (B) his friends
(C) called him (D) Rakesh was

**69.** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select No improvement.

The teacher expected the students <u>had finishing</u> the project on time.

(A) finishing
(B) No improvement
(C) to finish
(D) finish

**70.** Select the most appropriate meaning of the given idiom

Feel a bit under the weather

(A) To be unappreciated
(B) To feel sick or unhealthy
(C) To be happy
(D) To be calm and patient

**71.** Identify the segment in the sentence which contains the grammatical error.

Virat Kohli is one of the best batsmen that the world have seen.

(A) Virat Kohli is
(B) one of the best
(C) world have seen
(D) batsmen that the

**72.** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select No improvement.

Shashi couldn't walk <u>no more</u>.

(A) more farther
(B) any farther
(C) far more
(D) No improvement

**73.** Select the most appropriate option to fill in the blank and make a grammatically correct sentence.

Meena had a whale ______ a time in Mussoorie with her gang.

(A) in (B) of
(C) on (D) at

**74.** Select the most appropriate option to fill in the blank and make a grammatically correct sentence.

In the age of technology, sending letters by postal mail seems __________ to me.

(A) superstition (B) surplus
(C) supercilious (D) superfluous

**Direction (Question No. 75 to 79)**

In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each blank.

Scientists have found that rubber swim-suits actually have a (1)______ degree of friction against water, thus working against the competitive (2)_________. A highly elastic, but noncohesive (3)____ ____ like lycra would instead help the swimmer to swim (4)______ without any danger of the suit soaking up the (5)______.

**75.** Select the most appropriate option to fill in blank No.(1)

(A) highest (B) high
(C) higher (D) more high

**76.** Select the most appropriate option to fill in blank No.(2)

(A) fish (B) scientist
(C) person (D) swimmer

**77.** Select the most appropriate option to fill in blank No.(3)

(A) garment (B) object
(C) material (D) matter

**78.** Select the most appropriate option to fill in blank No.(4)

(A) faster (B) speedy
(C) hasty (D) quick

**79.** Select the most appropriate option to fill in blank No. (5)

(A) water (B) rubber
(C) friction (D) lycra

**80.** Select the most appropriate word for the given group of words.

An abnormal fear of water


(A) Cacophobia
(B) Hydrophobia
(C) Algophobia
(D) Pyrophobia

# व्याख्यात्मक हल

## सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति


**1.** (B) जिस प्रकार 'बस' सड़क पर चलती है, ठीक उसी प्रकार 'रेलगाड़ी' पटरी पर चलती है

**2.** (A)




अत: उपर्युक्त से स्पष्ट है कि '36, 17' अन्य तीनों से भिन्न है।

**3.** (B)




**4.** (A) <u>y</u> zy / <u>x</u>zx/ y<u>zy</u> / xzx /<u>y</u> zy / x<u>z</u>x/ y

अत: yxzyz श्रृंखला को पूरा करेगा

**5.** (A) प्रदत्त समीकरण

24 A 12 B 4 D 6 C 7

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$$? = 24 \div 12 \times 4 + 6 - 7$$

$$= 24 \times \frac{1}{12} \times 4 + 6 - 7$$

$$= 8 + 6 - 7 = 14 - 7 = 7$$

**6.** (B) जिस प्रकार,

$$108 \div (6 \times 9) = 108 \div 54 = 2$$

तथा $96 \div (4 \times 3) = 96 \div 12 = 8$


उसी प्रकार,

$$35 \div (1 \times 5) = 35 \div 5 = 7$$

**7.** (D) प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में ऊपर का काला बिन्दु एक बार बाएँ तथा दूसरी बार दाएँ घूम रहा है, वृत्त के अन्दर एक और धनात्मक चिह्न (+) की वृद्धि हो जाती है

**8.** (B) कथन के अनुसार विकल्प (B) सबसे उपयुक्त विकल्प है।

**9.** (D) निम्न आरेख वाहनों, ट्रक और कार के बीच के सम्बन्ध को निरूपित करता है।




अत: ट्रक और कार दोनों अलग-अलग वाहन है तथा ये दोनों वाहन के अन्तर्गत आते हैं।

**10.** (C) उत्तर आकृति (C) प्रश्न आकृति के दर्पण AB पर बनने वाले प्रतिबिम्ब के जैसी होगी।

**11.** (C) क्षैतिज आयत रेखाओं को तथा लम्बवत् आयत संख्याओं को निरूपित करता है संख्या '9' तथा '12' दोनों में उभयनिष्ठ है। अत: 21 रेखाएँ संख्याएँ है।

**12.** (B) जिस प्रकार,

G R I P S
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
7 18 9 16 19

और

F R A M E
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
6 18 1 13 5

वर्णमाला में अक्षरों के क्रमांकों को कोड रूप में दिया गया है।


उसी प्रकार,

J E A N S
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
10 5 1 14 19

**13.** (A) L J H F G K
↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑


बाएँ छोर से F का स्थान चौथा है।

**14.** (B)




अतः उत्तर आकृति (B) प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करती है।

**15.** (C) कागज को क्रम से खोलने पर प्राप्त आकृति ......



अतः विकल्प (C) सही है

**16.** (C)



चित्र से स्पष्ट है कि दी हुई आकृति विकल्प (C) में स्थित है।

अतः विकल्प (C) सही है

**17.** (B) सही क्रम II, V, III, IV, I, है।

Creature – II

Credentials – V

Credible – III


Creditable – IV

Creditor – I

**18.** (D) दिये गये शब्दों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण सर्वप्रथम किया जाता है उसके पश्चात् नाइट्रीकरण तत्पश्चात् स्वांगीकरण उसके पश्चात् एमोनियाकरण तथा अन्त में विनाइट्रीकरण होता है अतः

नाइट्रोजन स्थिरीकरण → नाइट्रीकरण → स्वांगीकरण → एमोनियाकरण → विनाइट्रीकरण।

**19.** (B)




इस प्रश्न में दोनों चित्रों में समान संख्या लेने और घड़ी के घूमने की दिशा में उसकी बाकी संख्या लिखेंगे।

9 विपरीत 7 होगा।

$< \begin{matrix} 5 \to 9 \to 8 \\ 5 \to 7 \to 6 \end{matrix}$

**20.** (D) DICTIONARY – 20


MOBILITY – 16

इस कूट भाषा में सभी अक्षरों को गिनती करके उसे 2 से गुणा किया जाता है।

इसी प्रकार TERMINATION – 11 × 2 = 22

## सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

**21.** (B) अपक्षपात वक्र/उदासीनता वक्र/तटस्थता वक्र द्वारा दो वस्तुओं से प्राप्त संतुष्टियों को प्रदर्शित किया जाता है। यह वक्र दाहिनी ओर नीचे की ओर झुका होता है। यह वक्र किसी भी अक्ष को स्पर्श नहीं करता तथा ये वक्र एक–दूसरे को कभी नहीं काटते




**22.** (B) आजिंक्य रहाणे–क्रिकेट

अपूर्वी चंदेल–निशानेबाजी

रितु रानी–हॉकी

**23.** (C) वर्ष 1928 में ब्रिटिश सरकार द्वारा गुजरात के बारदौली क्षेत्र में करों में 22% की वृद्धि कर दी हालांकि वर्ष 1925 की बाढ़ एवं सूखे से फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई थीं। अतः इस कर वृद्धि के विरुद्ध सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बारदौली सत्याग्रह का नेतृत्व किया। बारदौली की महिलाओं ने पटेल को 'सरदार' की उपाधि से सम्मानित किया।

**24.** (B) टुंड्रा वह क्षेत्र होता है जहाँ अत्यन्त ठण्डी जलवायु, कम जैव विविधता, वृद्धि का कम समय पाया जाता है जैसे–आर्कटिक टुंड्रा जो $66\frac{1}{2}°$ उत्तर के निकट से ध्रुवों तक फैला है तथा अल्पाइन टुंड्रा जो सभी पहाड़ी इलाकों में फैला है। शैवाल, काई इत्यादि इस वन के भाग है।

**25.** (A) किसी दिन के अधिकतम तापमान तथा न्यूनतम तापमान का अन्तर दैनिक तापांतर कहलाता है। रेगिस्तानों में दिन का तापमान लगभग 38°C तक तथा रात में 5°C तक पहुँच जाता है। अतः यहाँ दैनिक तापांतर सर्वाधिक होता है।

**26.** (D) Vitamin A की कमी–रतौंधी रोग

Vitamin B की कमी–बेरी–बेरी रोग

Vitamin C की कमी–स्कर्वी रोग

Vitamin K की कमी–थक्का न जमना

**27.** (B) मानव ह्रदय के बाएँ भाग में फेफड़ों से ऑक्सीजन युक्त शुद्ध रुधिर आता है जबकि दाएँ भाग में $CO_2$ युक्त अशुद्ध रुधिर विभिन्न अंगों से आता है।

**28.** (B) पास्कल के नियम के अनुसार, किसी बन्द निकाय में उपस्थित द्रव पर दाब लगाने पर द्रव पर सभी दिशाओं में वह दाब समान रूप से वितरित हो जाता है। द्रवचालित लिफ्ट इसी सिद्धान्त पर कार्य करती है।

**29.** (B) लिपुलेख दर्रा हिमालय का एक पहाड़ी दर्रा है जो एक विवादित क्षेत्र है जो नेपाल के दार्चुला जिला ब्यास गॉउपलिका में है। यह क्षेत्र भारत के उत्तराखंड राज्य के कुमाऊँ क्षेत्र को तिब्बत के तकलाकोट (पुरंग) शहर से जोड़ता है। यह प्राचीनकाल से व्यापारियों और तीर्थयात्रियों द्वारा भारत और तिब्बत के बीच आने-जाने के लिये प्रयोग किया जा रहा है। यह दर्रा भारत से कैलाश पर्वत व मानसरोवर जाने वाले यात्रियों द्वारा विशेष रूप से इस्तेमाल होता है

**30.** (C) वह प्रक्रिया जिसमें गर्म करने पर कोई ठोस बिना द्रव में बदले सीधे गैस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है, ऊर्ध्वपातन कहलाती है। वह पदार्थ ऊर्ध्वपाती कहलाता है। उदाहरण–कपूर, $NH_4Cl$ आदि।

**31.** (B) ऐसी धातुएँ जिनका निर्माण दो या अधिक धातुओं से मिलकर होता है, मिश्रधातु कहलाती है।

पीतल–जिंक 30% तथा ताँबा 70%

कांस्य–ताँबा 90% तथा टिन 10%

गन मेटल–ताँबा 88%, टिन 10% तथा जिंक 2%

**32.** (B) एकाधिकार वह अवस्था है जब बाजार में वस्तु का केवल एक ही विक्रेता होता है,

वस्तु का कोई स्थानापन्न (विकल्प) भी न हो तथा उस उद्योग में अन्य फर्मों का प्रवेश भी वर्जित हो

**33.** (D) सापेक्षिकता का सिद्धान्त वर्ष 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने दिया था। आइंस्टीन ने फोटो इलेक्ट्रिक प्रभाव की भी व्याख्या की तथा इसके लिए इन्हें वर्ष 1952 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

**34.** (B) क्वींसबरी नियम संग्रह का सम्बन्ध बॉक्सिंग के खेल से है। इसको वर्ष 1865 में प्रारम्भ किया गया था तथा 1867 में इनका प्रकाशन हुआ। भारत में मैरीकॉम, विजेन्द्र सिंह, विकास कृष्ण यादव प्रमुख बॉक्सिंग खिलाड़ी हैं

**35.** (C) उदय शंकर—नृत्य
सोनल मानसिंह—नृत्य
अमृता शेरगिल—चित्रकला
यामिनी कृष्णमूर्ति—नृत्य

**36.** (A) अल्पकालीन औसत लागत वक्र U आकार के होते हैं। दीर्घकालीन लागत वक्रों का आकार भी U जैसा ही होता है। दीर्घकालीन लागत वक्र को लिफाफा वक्र भी कहते हैं।

**37.** (C) हेमा मालिनी : बियांड द ड्रीम गर्ल —रामकमल मुखर्जी
खुल्लम खुला —मीना अय्यर एवं ऋषि कपूर
हेमा मालिनी : डीवा अनवील्ड —राम कमल मुखर्जी

**38.** (B)
- लोथल स्थान पर हड़प्पा संस्कृति की अग्नि वेदियाँ पाई गई थीं
- लोथल गुजरात में भोगवा नदी के तट पर स्थित है। लोथल में सिंधु घाटी सभ्यता के युग में एक डॉकयार्ड (गोदीवाड़ा) था
- लोथल गुजरात के अहमदाबाद जिले के भोगवा नदी के तट पर स्थित है
- इसकी खोज 1954 में एस.आर.राव ने की थी।

**39.** (B) मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय ने 1765 वर्ष में बंगाल-बिहार और ओडिशा की दीवानी ईस्ट इंडिया कम्पनी को अनुदान रूप देने का फरमान जारी किया था।

**40.** (D) भारतीय संविधान में अनुच्छेद 52 के अन्तर्गत राष्ट्रपति पद को स्थापित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो भारत का राष्ट्रपति बन सकता है। भारत में कोई व्यक्ति कितनी भी बार राष्ट्रपति बन सकता है, परन्तु USA में केवल 2 बार ही कोई व्यक्ति राष्ट्रपति बन सकता है

## प्रारम्भिक अंकगणित

**41.** (D) माना, संख्याएँ $3x$ एवं $3y$ हैं।

प्रश्नानुसार,

$3x + 3y = 36$

$\Rightarrow \quad x + y = 12 \quad ...(1)$

दो संख्याओं का गुणनफल = म.स.प. × ल.स.प

और $3x \times 3y = 3 \times 105$

$\Rightarrow \quad 3xy = 105$

$\Rightarrow \quad xy = 35 \quad ...(2)$

समी. (1) में $3xy$ से भाग देने पर,

$$\frac{x}{3xy} + \frac{y}{3xy} = \frac{12}{3xy}$$

$$\Rightarrow \frac{1}{3y} + \frac{1}{3x} = \frac{4}{xy}$$

$$= \frac{4}{35} \quad \text{[समी. (2) से]}$$

**42.** (C) क्रय मूल्य = 225 + 15 = ₹ 240

लाभ % = 300 – 240 = 60

$$\therefore \quad \text{लाभ \%} = \frac{60}{240} \times 100\%$$

$$= \frac{100}{4} = 25\%$$

**43.** (D) क्रय मूल्य $= \frac{4}{3}$ × विक्रय मूल्य

$$= \frac{4}{3} \times 750$$

= ₹ 1000

$$\therefore \quad \text{हानि \%} = \frac{1000 - 750}{1000} \times 100$$

$$= \frac{250}{1000} \times 100$$

= 25%

**44.** (A) A का 90% = B का 30%

$$\Rightarrow \quad \frac{90A}{100} = \frac{30B}{100}$$

$\Rightarrow \quad 3A = B$

अतः $\quad A : B = 1 : 3$

या $\quad B : A = 3 : 1$

**45.** (A) प्रश्नानुसार,

कुल उत्तीर्ण छात्र = 80 + 85 – 75 = 90%

$\therefore$ कुल अनुत्तीर्ण छात्र = 10%

$\therefore$ कुल छात्र का 10% = 40

$$\Rightarrow \quad \text{कुल छात्र} = \frac{40}{10} \times 100$$

= 400

**46.** (C) (A + B) का 1 दिन का काम $= \frac{x + y}{x.y}$

$$= \frac{10 + 12}{10 \times 12}$$

$$= \frac{22}{120} = \frac{11}{60}$$

$\therefore$(A + B) का 4 दिन का काम

$$= \frac{11}{60} \times 4 = \frac{11}{15}$$

अतः शेष काम $= 1 - \frac{11}{15} = \frac{4}{15}$

$\because$ C का 15 दिन का काम = 1 (पूरा)

$\therefore$ C शेष काम करेगा $= 15 \times \frac{4}{15}$

= 4 दिन

**47.** (D) प्रश्नानुसार,

नये वर्ग का क्षेत्रफल = वर्गों के क्षेत्रफलों का योग

$(\text{भुजा})^2 = (12)^2 + (5)^2$

= 144 + 25 = 169

$\therefore$ भुजा $= \sqrt{169}$ = 13 मीटर

**48.** (B) वृत्त की परिधि = वृत्त का व्यास + 16·8

$2\pi r = 2r + 16{\cdot}8$

$\Rightarrow 2r(\pi - 1) = 16{\cdot}8$

$$\Rightarrow \quad r = \frac{16{\cdot}8}{2 \times 2{\cdot}143} = \frac{16{\cdot}8}{4{\cdot}286}$$

अतः परिधि $= 2\pi r$

$$= \frac{2 \times 3{\cdot}143 \times 16{\cdot}8}{4{\cdot}286}$$

= 24·64 सेमी

**49.** (C) $\because$ समयान्तर = 1 वर्ष

$$\therefore \text{दर}, \quad r = \left(\frac{A_2}{A_1} - 1\right) \times 100\%$$

$$= \left(\frac{676}{650} - 1\right) \times 100\%$$

$$= \frac{26}{650} \times 100 = 4\%$$

$$\therefore \quad A = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^n \text{ से,}$$

$$\Rightarrow \quad 650 = P\left(1 + \frac{4}{100}\right)^1$$

$$\Rightarrow \quad P = \frac{650 \times 25}{26} = ₹\ 625$$

**50.** (A) प्रश्नानुसार, माना अभय की चाल = $x$ किमी/घंटा

$$\frac{30}{2x} + 2 = \frac{30}{x} - 1$$

$\Rightarrow \frac{30}{x} - \frac{30}{2x} = 2 + 1$

$\Rightarrow \frac{60 - 30}{2x} = 3$

$\Rightarrow \frac{30}{2x} = 3 \Rightarrow x = 5$ किमी/घंटा

**51.** (C) $\sqrt{0{\cdot}25 \times 2{\cdot}25} = 0{\cdot}5 \times 1{\cdot}5 = 0{\cdot}75$

**52.** (C) सभी विद्यार्थियों का कुल भार

$= n_1w_1 + n_2w_2$
$= 38 \times 25 + 32 \times 20$
$= 950 + 640$
$= 1590$ किग्रा

$\therefore$ अभीष्ट भार $= \frac{1590}{45} = 35{\cdot}33$ किग्रा

**53.** (B) 10वीं कक्षा के छात्रों की संख्या

$= \sum_{i=5}^{10} x_i n_i - \sum_{i=5}^{9} x_i n_i$

$= 6 \times 50 - 5 \times 54$
$= 300 - 270 = 30$

**54.** (D) माना लम्बाई $8x$ एवं चौड़ाई $5x$ है।

$\therefore$ परिमाप $= 260$
$2(8x + 5x) = 260$
$26x = 260$ या $x = 10$
$\therefore$ लम्बाई $= 8x = 8 \times 10 = 80$ मी

**55.** (B) $\because$ 200 पृष्ठों की एक पुस्तक की 1000 प्रतियों के लिए आवश्यक कागज = 50 रिम

$\therefore$ 250 पृष्ठों की एक पुस्तक की 1000 प्रतियों के लिए आवश्यक कागज $= \frac{50}{200} \times 250$

$\therefore$ 250 पृष्ठों की एक पुस्तक की 2000 प्रतियों के लिए आवश्यक कागज $= \frac{50}{200} \times \frac{250}{1000} \times 2000 = 125$ रीम

**56.** (C) व्यंजक $= \left(\frac{2}{3} \div \frac{3}{2} \text{ का } \frac{2}{3}\right)$ का $\frac{9}{15} \div$

$\left(\frac{5}{4} \div \frac{5}{2} \times \frac{4}{5} \text{ का } \frac{2}{3}\right)$ का $\left(\frac{3}{4} \times \frac{3}{4} \div \frac{4}{3} \text{ का } \frac{3}{4}\right)$

BODMAS नियम से सरल करने पर,

$\left(\frac{2}{3} \div \frac{3}{2} \times \frac{2}{3}\right)$ का $\frac{9}{15} \div \left(\frac{5}{4} \div \frac{5}{2} \times \frac{4}{5} \times \frac{2}{5}\right)$

का $\left(\frac{3}{4} \times \frac{3}{4} \div \frac{4}{3} \times \frac{3}{4}\right)$

$= \left(\frac{2}{3} \div 1\right)$ का $\frac{9}{15} \div \left(\frac{5}{4} \div \frac{5}{2} \times \frac{8}{25}\right)$ का $\left(\frac{3}{4} \times \frac{3}{4} \div 1\right)$

$= \left(\frac{2}{3} \times \frac{1}{1}\right)$ का $\frac{9}{15} \div \left(\frac{5}{4} \times \frac{2}{5} \times \frac{8}{25}\right)$ का $\left(\frac{9}{16} \times \frac{1}{1}\right)$

$= \frac{2}{3}$ का $\frac{9}{15} \div \left(\frac{1}{2} \times \frac{8}{25}\right)$ का $\left(\frac{9}{16}\right)$

$= \frac{2}{5} \div \frac{4}{25}$ का $\frac{9}{16}$

$= \frac{2}{5} \div \frac{4}{25}$ का $\frac{9}{16} = \frac{2}{5} \div \frac{9}{100} = \frac{2}{5} \times \frac{100}{9}$

$= \frac{40}{9}$

**57.** (A) माना A और B की वर्तमान आयु क्रमशः $8x$ और $9x$ वर्ष है

प्रश्नानुसार, 9 वर्ष बाद,

A की आयु $= (8x + 9)$ वर्ष

B की आयु $= (9x + 9)$ वर्ष

$\frac{(8x+9)}{(9x+9)} = \frac{19}{21}$

$\Rightarrow 168x + 189 = 171x + 171$

$\Rightarrow 171x - 168x = 189 - 171$

$\Rightarrow 3x = 18$

$\therefore x = \frac{18}{3} = 6$ वर्ष

$\therefore$ B की वर्तमान आयु $= 9x$ वर्ष $= (9 \times 6)$ $= 54$ वर्ष

C की आयु B से 3 वर्ष कम है,

अतः C की आयु $= (54 - 3) = 51$ वर्ष

**58.** (C) A, B तथा C की कार्य दक्षता का अनुपात $= 5 : 3 : 8$

तीनों द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= (5 + 3 + 8) = 16$ यूनिट

तीनों द्वारा मिलकर 30 दिन में किया कार्य $= 16 \times 30 = 480$ यूनिट

A और B द्वारा मिलकर 1 दिन में किया कार्य $= (5 + 3) = 8$ यूनिट

A और B द्वारा मिलकर 20 दिन में किया कार्य $= (8 \times 20) = 160$ यूनिट

शेष बचा हुआ कार्य $= (480 - 160)$ $= 320$ यूनिट

यह कार्य C को पूरा करना है

अतः C द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= 8$ यूनिट

इस कार्य को करने में C को लगा समय

$= \frac{320}{8} = 40$ दिन

**59.** (A) $a : b = 2 : 5$
$c : b = 3 : 4$
$b : c = 4 : 3$
अतः $a : b = 2 : 5 = 2 \times 4 : 5 \times 4$
$= 8 : 20$
$b : c = 4 : 3 = 4 \times 5 : 3 \times 5 = 20 : 15$
$a : b : c = 8 : 20 : 15$

**60.** (A) $1\frac{1}{4}$ वर्ष $= (12 + 12 \times \frac{1}{4})$ माह

$= 15$ माह

ब्याज 5 माह पर संयोजित है।

दर = 8% प्रति वर्ष

$= \left(\frac{8}{12} \times 5\right)\%$ प्रति 5 माह

$= 3.3\%$ प्रति 5 माह

$= \frac{10}{3}\%$ प्रति 5 माह

मिश्रधन $= 8100\left(1 + \frac{10}{300}\right)^3$

$= 8100\left(\frac{31}{30}\right)^3$

$= 8100 \times \frac{31}{30} \times \frac{31}{30} \times \frac{31}{30}$

$=$ ₹ 8937.30

ब्याज की राशि

$=$ ₹ (8937.30 – 8100)
$=$ ₹ 837.30
$=$ ₹ 837

## हिन्दी

**61.** (A) **अट्टालिका**

- कई खण्डों में बँटा भवन या वह भवन जिसमें कई खण्ड हों।
- वह भवन जो बहुत ही ऊँचा हो।
- बड़ा और ऊँचा मकान

**62.** (A) किसी कार्य को उचित ढंग से करना व्यवस्था कहलाता है। 'वर्तमान 'व्यवस्था' में भी महात्मा गाँधी के विचारों का महत्व है।

**63.** (C) 'हमारा देश धीरे–धीरे आत्मनिर्भरता के 'लक्ष्य' की ओर बढ़ रहा है।' किसी के द्वारा अपने उद्देश्य को पूरा करना उसका लक्ष्य कहलाता है।

**64.** (B) **ब्रह्मा**—हिन्दू धर्म के तीन देवताओं में एक और प्रथम, देवता। ब्रह्मा का अर्थ होता है कि जो पूर्ण है। हिरण्यगर्भ के अन्य समानार्थी शब्द हैं—आत्मभू, प्रजापति, प्रजाधिप, अज, चतुरानन।

**65.** (D) स्वच्छ शब्द के अन्य पर्यायवाची हैं—साफ, स्पष्ट, निरोग, उज्ज्वल।
अन्य के पर्यायवाची हैं—
पंकिल – कीचड़ युक्त, गंदा
नीरज – पंकज, जलज
नीरद – बादल, मेघ

**66.** (B) **वचन**—भाषा विज्ञान में वचन (नंबर) एक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया आदि की व्याकरण संबंधी श्रेणी है जो इनकी संख्या की सूचना देती है (एक दो आदि) भाषा में दो वचन होते हैं—एकवचन और बहुवचन।

**67.** (D) अतिवृष्टि का अर्थ है अत्यधिक वर्षा तथा अनावृष्टि का अर्थ है वर्षा का अभाव या सूखा

**अनावृष्टि**—
1. वर्षा का अभाव, अवर्षण; सूखा।
2. अकाल।

**68.** (B) जिसकी आशा न की गई हो– 'अप्रत्याशित
आशा से अधिक – आशातीत
प्रत्येक की आशा – प्रतिआशा
किसी के द्वारा भी न की गयी आशा– अप्रति आशा

**69.** (A) आदि से अंत तक – 'आद्योपान्त
दिगन्त – 'दिशा का अंत'
आदि – किसी कार्य घटना व्यापार आदि का पहले वाला अंश या भाग

**70.** (A) 'सबै दिन होत न एक समाना' का अर्थ— (समय परिवर्तशील है) वाक्य प्रयोग—'दिन में सुख व दुःख तो आते रहते हैं किसी ने सच कहा है **सबै दिन होत न एक समाना**।

**71.** (C) 'कागजी घोड़े दौड़ाना' का अर्थ है— (व्यर्थ की लिखा-पढ़ी करना) वाक्य प्रयोग— राधेश्याम प्रतिदिन **कागजी घोड़े दौड़ाता** रहता है। आज तक उसकी एक भी किताब प्रकाशित नहीं हुई है

**72.** (B) महिला के लिए 'विदुषी' तथा पुरुष के लिए 'विद्वान' शब्द का प्रयोग किया जाता है। अतः विकल्प (B) सही है

**73.** (C) माँ को अपने पुत्र से ममता होती है। कारक चिह्न अर्थात् विभक्ति अथवा परसर्ग की दृष्टि से वाक्य सही है

**74.** (B) शुद्ध वाक्य है, गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए। अन्य तीनों वाक्यों में पदक्रम सम्बन्धी अशुद्धि है।

**75.** (A) प्रस्तुत अनुच्छेद में महाराष्ट्र में आयी राजनीतिक अस्थिरता का जिक्र किया गया है, जो कि इस कोरोना के समय में एक चिंताजनक विषय है। अतः 'चिंताजनक' सही विकल्प होगा।

**76.** (B) प्रस्तुत अनुच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि महाराष्ट्र में कुल कोरोना का एक–तिहाई हिस्सा है, और सम्पूर्ण देश में महाराष्ट्र एक प्रमुख मोर्चा है। ऐसे समय में सभी परिस्थितियों को छोड़कर कोरोना को शिकस्त देने की आवश्यकता है। अतः विकल्प (B) सही है

**77.** (D) प्रस्तुत अनुच्छेद से यह ज्ञात होता है कि कोरोना के बढ़ते प्रभाव और लॉकडाउन से आई मंदी के गलत प्रभाव या दुष्चक्र से बाहर निकलना बहुत जरूरी है। अतः विकल्प (D) सही है

**78.** (C) प्रस्तुत अनुच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि मुख्यमंत्री 'उद्धव ठाकरे' ने प्रवासी मजदूरों में इस विकट परिस्थिति में धैर्य से काम लेने की अपील की है, कारणवश यह उनका व्यक्तिगत प्रयास है। अतः विकल्प (C) सही है

**79.** (D) प्रस्तुत अनुच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कोरोना की लड़ाई में सरकार और सरकारी तंत्रों के प्रयास का जिक्र किया गया है, जो कि सरकार की पूरी ताकत को दर्शाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

**80.** (B) दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड 'मेरी गाय को छूने का उत्साह' को प्रतिस्थापित करने पर 'मेरी गाय छूने का साहस' होगा। अतः वाक्य के रेखांकित खंड में संज्ञा संबंधी त्रुटि है।

## English

**61.** (B) 'Discuss about the problem' के स्थान पर 'discuss the problem' का प्रयोग होगा, क्योंकि discuss sth with sb का प्रयोग होता है

**62.** (D) Neglected ($V_3$) उपेक्षा करना सही विकल्प है

**63.** (C) Slander (V) किसी की झूठी निन्दा करना, मिथ्यावाद का antonym है admire (V) प्रशंसा करना। अन्य विकल्पों के शब्द अर्थ हैं Appeal औपचारिक रूप से अनुरोध करना Malign दुर्भावनापूर्वक लेख से मौखिक निन्दा करके किसी को सार्वजनिक रूप से बदनाम करना, Defame निन्दा करना

**64.** (B) Mock (V) किसी की हँसी उड़वाना, 'परिहास का पात्र बनाना' का सही Synonym है 'Taunt'।

**65.** (B) Repugnance (n) अरुचिकर, घृणा सही Spelling है

**66.** (C) 'Pack' शब्द– समूह के लिए सही शब्द है

**67.** (B) Shot in the dark (IDM) का अर्थ है 'अँधेरे में' तीर चलाना। अतः विकल्प (B) सही है।

**68.** (A) Studied when के स्थान पर 'Studying when का प्रयोग होगा, क्योंकि Verb 'be' + $V_3$ का प्रयोग Passive Voice में होगा।

**69.** (C) ' To finish अर्थात् Gerund के स्थान पर infinitive का प्रयोग होगा

**70.** (B) To feel sick or unhealthy (IDM) का अर्थ है 'बीमार या अस्वस्थ महसूस' करना अतः सही विकल्प (B) है।

**71.** (C) World have seen' के स्थान पर 'World has seen' का प्रयोग होगा, क्योंकि 'World' singular subject है।

**72.** (B) No more के स्थान पर any farther का प्रयोग होगा।

**73.** (B) 'OF' का प्रयोग होगा, क्योंकि Whale of a time एक (IDM) है, जिसका अर्थ है 'मजे लूटना'। अतः विकल्प (B) सही है

**74.** (D) Superfluous अर्थात् 'अनावश्यक' का प्रयोग सही है।

**75.** (B) High (adj.) का प्रयोग होगा, क्योंकि Degree एक Noun है।

**76.** (D) Swimmer का प्रयोग सही है।

**77.** (C) Material का प्रयोग सही है।

**78.** (A) Faster का प्रयोग सही है

**79.** (A) Water का प्रयोग सही है।

**80.** (B) Hydrophobia – जलातंक, वह रोग जिसमें पानी से डर लगता है सही विकल्प है Cacophobia – बदसूरती का डर, Algophobia – शरीर में कष्ट होने का डर, Pyrophobia – अग्निभीति

●●